भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3116
06.08.2021 को उत्तर के लिए

झीलों का संरक्षण

3116. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के समन्वय से कर्नाटक में झीलों और टैंकों के संरक्षण के लिए कदम उठाए हैं जिससे उन्हें विलुप्त होने से बचाया जा सके; और

(ख) यदि हां, तो चयनित झीलों, तालाबों, टैंकों का ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) जी हां, जलीय पारितंत्र संरक्षण के लिए राष्ट्रीय योजना (एनपीसीए), जो देश में लागत साझा आधार पर अभिज्ञात आर्द्रभूमियों (झीलों सहित) के संरक्षण तथा प्रबंधन के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विभिन्न वर्षों में कर्नाटक में 16 झीलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए 41.541 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा) की वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिनका विवरण **अनुबंध** में है।

योजना में विभिन्न गतिविधियां जैसे कि अपशिष्ट जल का अवरोधन, अपवर्तन और शोधन, तटरेखा संरक्षण, झील के अग्रभाग का विकास, स्व-स्थाने सफाई जैसे कीचड़ निकालना तथा खरपतवार हटाना, वर्षा जल प्रबंधन, जैविक, उपचार, जलग्रहण क्षेत्र शोधन, झील सौंदर्यीकरण, सर्वेक्षण तथा सीमांकन, जैविक बाड़ लगाना, मत्स्य पालन विकास, खरपतवार नियंत्रण, जैव- विविधता संरक्षण, शिक्षा और जागरुकता सृजन, सामुदायिक सहभागिता इत्यादि शामिल हैं।

इसके अलावा, आर्द्रभूमि कायाकल्प कार्यक्रम के तहत, कर्नाटक राज्य सरकार के सहयोग से 12 आर्द्रभूमियों के लिए स्वास्थ्य कार्ड तैयार किए गए हैं।

******

अनुबंध

<u>एनपीसीए योजना के अंतर्गत झीलों के लिए जारी निधियों का विवरण</u>

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	**झील**	**जारी निधियां (केंद्रीय हिस्सा)**
1	वेंगैयांकेरे झील	1.44
2	नागवारा झील	3.04
3	जरगनहल्ली झील	2.35
4	कोटेकेरे झील	3.95
5	भीष्म झील	1.58
6	लाल बाग झील	1.16
7	शरणभास्वेश्वर झील	3.35
8	अक्कमहादेवी झील	1.624
9	कुंडवाड़ा झील	2.35
10	कोटे तवारेकेरे झील	2.137
11	त्रिपुरांतकेश्वर झील	3.02
12	बेलंदूर झील	2.63
13	चन्नापटना झील	2.97
14	गौरम्मा झील	2.60
15	होम्बलम्मा ललाके	
16	अमानिकेरे झील	7.34
कुल		**41.541**